# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चीन सीमा पर लोनवि के तैयार पुल को लेकर होने लगी दिक्कतें

## नाराज ग्रमीणों ने की कच्ची पुलिया की जगह पक्की पुलिया बनाये जाने की मांग

**मांग**

■कभी भी बड़ा हादसा होने के संकेत



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथोरागढ़। चीन सीमा को जोड़ने वाले पैदल मार्ग चिलमधार के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये गये पुल को लेकर इलाके के ग्रमीणों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है। बता दें कि क्षेत्र के नाराज ग्रमीणों ने कच्ची पुलिया की जगह पक्की पुलिया बनाये जाने की मांग की है। सीमांत में मुनस्यारी मिलम मार्ग के बंद होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने के लिए दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक सीमांत में मुनस्यारी मिलम मार्ग दो माह से बंद चल रहा है। वही मुनस्यारी मिलम मार्ग में चिलमधार के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण किया गया। चिलमधार नाले के पास लोनवि द्वारा बनायी जा रही सड़क के पास एक लोहे का पुल बना दिया गया। बता दें कि यह पुल अब पूरी तरह से खतरे की जद में आ चुका है। पुल की मरम्मत का काम जारी है। इस पुल से करीबन तेरह गांवों के लोग आवाजाही करते है। दूसरी ओर सीमा पर तैनात जवानों के लिए राशन सामग्री इसी पुल से पूरी आवाजाही भारी तादात में इलाके के ग्रमीणों द्वारा की जाती है। इलाके के ग्रमीणों ने इस कच्चे पुल की जगह नये पुल को बनाये जाने की मांग तेज कर डाली है। क्षेत्र के ग्रमीणों में लोनवि के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है। इलाके के लोगों ने कहा कि यदि मौके पर पक्का पुल नही बना तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी जिम्मेदारी लोनवि की होगी। इलाके के ग्रमीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है।

## न्यूज डायरी

### तीन मंजिला खिलौने के गोदाम की तीसरी मंजिल पर लगी आग

**संवाददाता** हरिद्वार। मोती बाजार स्थित नीबू घेर में तीन मंजिला खिलौने की गोदाम की तीसरी मंजिल में अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। गोदाम में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर घण्टों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि बाजार व गली बेहद संकरी होने के कारण दमकल विभाग को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोती बाजार हरिद्वार स्थित नीबू घेर में तीन मंजिला खिलौने के गोदाम की तीसरी मंजिल में गुरुवार की दोपहर को अचानक आग लग गयी। गोदाम की तीसरी मंजिल से धुंआ निकलते देख नीबू घेर के कुछ युवकों ने शोर मचा दिया। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। बता दे कि नीबू घेर बेहद संकरी गली में स्थित है जहां पर मकान एक–दूसरे से सटे हुए हैं।

### डेंगू के खिलाफ चला अभियान, लार्वा नष्ट करने की दी जानकारी

**संवाददाता** हरिद्वार, 10 सितम्बर। जिलाधिकारी सी रविशंकर के निर्देशों का पालन करते हुए डेंगू के विरूद्ध अभियान के अन्तर्गत डे ऑफिसर डॉ. योगेश भारद्वाज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, हरिद्वार द्वारा डेंगू के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई के सम्बन्ध में सभी को सक्रिय करते हुये लगातार समन्वय स्थापित किया गया। डेंगू के लार्वा के स्रोत और डेंगू के लार्वा को नष्ट करने तथा आवश्यक रसायन एवं कीट नाशक के बारे में जानकारी दी गयी। प्रति जोन में 10 वार्डों को रखा गया था। प्रत्येक जोन में सोर्स रिडक्शन व लार्वा विनष्टीकरण के लिये एक टीम का गठन किया गया था। कुल 46 गौशालाध पशु चिकित्सालय व डिस्पेंसरी का निरीक्षण किया गया, जिसमें से दो गौशाला, पशु चिकित्सालय, डिस्पेंसरी में डेंगू लार्वा पाया गया, जिसे तत्समय नष्ट किया गया।

### मीडियाटेक ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराने के लिए आरएंडडी पर ध्यान केंद्रित किया

**संवाददाता** देहरादून। विश्व की चौथी सबसे बड़ी वैश्विक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने मीडियाटेक टेक्नोलॉजीज डायरीज नॉलेज फोरम के प्रथम वर्चुअल चौप्टर के दौरान मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को समर्थ बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करने की बात आज पुनः दोहराई। मीडियाटेक ने भारतीय स्मार्ट उपकरण पारितंत्र को सामर्थ्यवान बनाने और 5जी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है जिससे हर किसी को जबरदस्त प्रौद्योगिकी उपलब्ध हो सके।



## ऋषिकेश में गुलदार के हमले में एक महिला समेत चार लोग घायल

**संवाददाता** ऋषिकेश। गुरुवार सुबह आइडीपीएल टाउनशिप में लवली स्टोर के समीप एक गुलदार (तेंदुए) ने हमला कर एक महिला समेत चार लोगों को घायल कर दिया। सभी घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। वहीं, दोपहर बाद गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में बंद कर दिया गया। गुलदार को यहां से देहरादून भेजा गया है। वन क्षेत्राधिकारी एमएस रावत ने बताया कि गुलदार की उम्र करीब डेढ़ वर्ष है।

आइडीपीएल कॉलोनी के भीतर पिछले तीन महीने से गुलदार की आमद से स्थानीय लोग परेशान थे। आइडीपीएल पुलिस चौकी के पीछे और रामलीला मैदान के आसपास गुलदार को कई बार देखा गया है। वन विभाग को भी कई बार शिकायत की गई है। विभाग की ओर से यहां पर पिंजरा भी लगाया गया है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे लवली स्टोर बाजार के समीप जंगल की ओर से आए एक गुलदार ने यहां महिला मीना असवाल (52 वर्ष) पर हमला कर दिया। महिला के हाथ और गले में हमले से जख्म हो गए हैं। आसपास तीन अन्य लोगों को भी गुलदार ने घायल कर दिया। गुलदार यहां से कॉलोनी के खाली भवनों की ओर जाते देखा गया है।

सूचना पर मौके पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी एमएस रावत ने वन कर्मियों को आसपास क्षेत्र में गश्त करने के निर्देश दिए हैं। वन क्षेत्राधिकारी एमएस रावत ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए लवली स्टोर के पास पिंजरा लगाया गया है।

# अस्पतालों में आईसीयू फुल हैं व नए मरीज लेने में असमर्थः सूर्यकांत धस्माना

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड राज्य में राजधानी देहरादून समेत सभी 13 जनपदों में कोरोना संक्रमण के मामले जिस गति से बढ़ रहे हैं और लगातार हर रोज हो रही मौत के मामले जिस प्रकार से सामने आ रहे हैं उससे पूरे राज्य में आम जनता में भय व्याप्त हो गया है यह बात आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव अमित नेगी से टेलीफोन पर हुई वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि आज इससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि सभी कोविड समर्पित सरकारी



हस्पतालों व निजी अस्पतालों जिनको कोविड इलाज के लिए अधिकृत किया गया है उन सभी अस्पतालों में आईसीयू व वेंटिलेटर युक्त बिस्तर फुल हो चुके हैं और लगातार तीन दिनों से मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप से दून मैडीकल कालेज, एम्स, मैक्स व जॉली ग्रांट हिमालयन हस्पताल में फोन से संपर्क में हूँ लेकिन इन सभी अस्पतालों में आईसीयू फुल हैं व नए मरीज लेने में ये सभी हस्पताल असमर्थता जता रहे हैं।

धस्माना ने कहा कि राज्य में अब तक अठाइस हजार से ज्यादा संक्रमण के मामले आ चुके हैं और इसके कारण मारने वालों की संख्या भी चार सौ का आंकड़ा छू रही है जो बेहद चिंताजनक है क्योंकि अभी तो इस संक्रमण का ना ही क्लाइमैक्स आया है और न ही इसकी वैक्सीन बन पाई है इसलिए आने वाले दिनों में अगर इसी गति से संक्रमण बढ़ता गया तो हालात बेकाबू हो जाएंगे व लोगों की जान बचाना मुश्किल हो जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव ने उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## मेयर ने किया स्ट्रीट लाइट कार्य का निरीक्षण

**संवाददाता** हल्द्वानी। नगर निगम हल्द्वानी के सम्मिलित वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम जारी है। मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला ने गुरुवार को कार्य का निरीक्षण किया। वार्ड 38 और 47 में पहुंचे मेयर ने अधिकारियों को गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली तक कार्य पूरा करने का प्रयास करें। ताकि रोशनी के पर्व में क्षेत्र रोशनी से जगमग हो सके। 4.78 करोड़ की लागत से होने वाले कार्य में नगर निगम के 27 वार्डों को स्ट्रीट लाइट से आच्छादित किया जाना है। 11 अगस्त को मेयर रौतेला व विधायक बंशीधर भगत ने योजना का शुभारंभ किया था। प्रोजेक्ट की लागत 4.24 करोड़ है, जबकि 54 लाख रुपये ऊर्जा निगम को सुपरविजन चार्ज के रूप में भुगतान करना है। निरीक्षण में पार्षद प्रमोद तोलिया, दीपक बिष्ट नगर निगम के जेई केबी उपाध्याय आदि शामिल रहे।